Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◘ अंक- 326 ◘ रायपुर, शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● बिलासपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

शून्यकाल में उठा कानून-व्यवस्था का मुद्दा

कांग्रेसी विधायक पहुंचे गर्भगृह, निलंबित

हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही करनी पड़ी स्थगित

रायपुर, 20 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को शून्यकाल में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्ष स्थगन लाते हुए चर्चा की मांग की. आसंदी के अग्राह्य करते ही कांग्रेस विधायक गर्भ गृह में पहुंचकर नारेबाजी करना शुरू कर दिया. इस पर आसंदी ने नारेबाजी करने वाले सदस्यों को निलंबित किया.

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीत सत्र

शून्यकाल में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शांति का टापू छत्तीसगढ़ अशांति का टापू बन गया है. पूरे प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. इस पर चर्चा के दौरान सदन में भारी हंगामा हुआ. पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नारेबाजी हुई. स्थगन की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायकों नारेबाजी करते हुए गर्भ गृह में आ गए, समझाने के बाद भी शांत नहीं होने पर आसंदी ने नारेबाजी करने वाले सदस्यों को निलंबित कर दिया.

सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि लगातार हमारे विधायकों के खिलाफ एफआईआर हो जाते हैं. सारंगढ़ में एक विधायक के खिलाफ एफआईआर हो जाता है. उसके 10 दिन पहले उनके पति के खिलाफ एफआईआर हो जाता है. लगातार भाजपा कांग्रेस के विधायकों के खिलाफ, वो भी खासतौर पर सतनामी विधायकों के खिलाफ, एफआईआर क्यों कर रही है. अपराधियों के खिलाफ ये एफआईआर नहीं करते हैं. विपक्ष ने भाजपा के मन में सतनामी समाज के प्रति द्वेष भावना का आरोप लगाया. इस दौरान विपक्षी दल के सदस्य लगातार जय भीम, जय सतनाम के नारे लगाते रहे।

आश्रम छात्रावासों में बच्चों की मौत से गरमाया सदन, आंकड़े छिपाने के लगे आरोप

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीत सत्र के आखिरी दिन प्रश्नकाल के दौरान आश्रम और छात्रावासों में बच्चों की मौत का मामला जोर-शोर से उठा। इस मुद्दे को विधायक लखेश्वर बघेल ने गंभीरता से सदन में उठाया। मामले पर जवाब देते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बीते 12 महीनों में आश्रम और छात्रावासों में 11 बच्चों की मौत हुई है। इनमें सड़क दुर्घटनाएं, बुखार, सिकल सेल बीमारी और मलेरिया जैसे कारण शामिल हैं। कुछ मौतों के कारण अब तक अज्ञात हैं। मंत्री ने बताया कि इस मामले में विभागीय जांच भी की जा रही है। विधायक लखेश्वर बघेल ने इस जानकारी पर आपत्ति जताई और कहा, अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी सही नहीं है। असल में 25-30 बच्चों की मौत आश्रम और छात्रावासों में हुई है। उन्होंने प्रशासन पर आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया। इस पर मंत्री नेताम ने जवाब दिया, अधिकारियों को आपने ही नियुक्त किया है, और वे अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। हमने सभी कलेक्टरों को छात्रावासों और आश्रमों के रख-रखाव में सुधार के निर्देश दिए हैं। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। विधायकों ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, अगर छात्रावासों में भी बच्चे सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो इसे सुशासन कैसे कहा जा सकता है? मंत्री रामविचार नेताम ने सदन को आश्वस्त किया कि विस्तृत जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम किसी भी दोषी को बचाने वाले नहीं हैं।

वन अधिकार पट्टा वितरण का मामला उठा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन वन अधिकारी पट्टा वितरण के मुद्दे पर सरकार को घेरने का प्रयास किया गया. मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि अधिकार पत्र के दुरुपयोग की शिकायत नहीं आई है. वहीं लंबित प्रकरणों का अतिशीघ्र निवारण करने का भरोसा दिलाया. विधायक अम्बिका मरकाम ने प्रश्नकाल में विधानसभा क्षेत्र सिहावा में वन अधिकारी पट्टा वितरण का मुद्दा उठाया. उन्होंने सवाल किया कि वर्ष 2021-22 से जिन 2024 तक कितने पट्टे वितरित किए गए है? इसका रकबा भी बताए? कितने को पट्टा वितरित की जाना प्रक्रियाधीन है? कितने अपात्र होने के कारण अस्वीकृत है? पट्टा वितरण का लक्ष्य कब तक पूरा किया जाएगा? इस पर मंत्री राम विचार नेता ने बताया कि अब तक 519 सामुदायिक वन अधिकार पर वितरित किए जा चुके है. अब तक कोई भी प्रक्रियाधीन वन अधिकार पत्र दिए जाने के लिए नहीं है. अपात्र कारण कोई भी प्रकरण अस्वीकृत नहीं है. इसमें अलग से कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं है, और समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

नक्सलियों का आईईडी हमला, सड़क निर्माण में तैनात 2 जवान घायल

नारायणपुर, 20 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में दो पुलिस जवान घायल हो गए। ये जवान कच्चपाल से तोके तक सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा में तैनात थे। घटना की पुष्टि एसपी प्रभात कुमार ने की है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने दो दिन पहले अबूझमाड़ के कच्चापाल में बेस कैंप स्थापित किया था और डीआरजी के जवान सड़क निर्माण के लिए पहुंच मार्ग बनाने में जुटे हुए थे। इस दौरान नक्सलियों ने आईईडी बम लगा दिया, जो जवानों के पास विस्फोट हुआ। ब्लास्ट में एक जवान, घासीराम, के पैर में गंभीर चोट आई है। दोनों घायल जवानों को कड़ी सुरक्षा के बीच नारायणपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। घायलों का इलाज अब बाहर बेहतर चिकित्सा केंद्र पर किया जाएगा। घायल जवानों में दूसरा नाम जनक पटेल का है। पुलिस और सुरक्षा बल मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं।

हिस्ट्रीशीटर के सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए फार्म हाउस पर चला बुलडोजर

बिलासपुर, 20 दिसंबर (हाईवे चैनल)। कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रंजन गर्ग के मस्तूरी हाईवे के पास सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए फार्म हाउस पर आज सुबह से बुलडोजर चलना शुरू हो गया है. जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच कार्रवाई कर रही है। मस्तूरी हाईवे के पास ग्राम पंचायत ढेका के पास एक एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाया गया फार्म हाउस शराब, जुआ जैसे अवैध धंधों का अड्डा बना गया था. कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व और पुलिस टीम कार्रवाई कर रही है. हत्या सहित कई गंभीर अपराधों में आरोपी रंजन गर्ग फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से जमानत के बाद जेल से बाहर है।

ब्रेकिंग न्यूज

नोएडा और दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ने की धमकी मिली है। शुक्रवार तड़के 5.02 बजे द्वारका सेक्टर तीन स्थित डीपीएस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ साथ बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। चप्पे-चप्पे की तलाशी के दौरान वहां से कोई विस्फोटक नहीं मिला। उधर, नोएडा के सेक्टर-126 स्थित लोटस वैली स्कूल को एक धमकी भरा ईमेल मिला है। इसमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बाद में सूचना को फर्जी करार दिया गया। इससे पहले भी समय-समय पर अलग-अलग स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलती रही हैं। लेकिन जांच पड़ताल में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलता।

तीन बिल्डरों पर आयकर विभाग की छापेमारी, 300 करोड़ के अघोषित निवेश और बड़ी मात्रा में नकदी बरामद

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। मध्यप्रदेश में भोपाल के तीन बिल्डरों के यहां जारी आयकर विभाग की छापेमारी गुरुवार को भी जारी रही। विभाग ने तीनों बिल्डरों त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी, क्रालिटी बिल्डर और ईशान बिल्डर के 52 ठिकानों पर बुधवार को रेड शुरू की थी। विभागी कार्रवाई में अघोषित रूप से विभिन्न कंपनियों में लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश की जानकारी मिली है। ये कंपनियां भोपाल, इंदौर के अतिरिक्त जबलपुर, कटनी और रायपुर की हैं। निवेश में छत्तीसगढ़ के बड़े खनन कारोबारी का नाम भी सामने आ रहा है।

त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के राजेश शर्मा और उनके साथियों द्वारा भोपाल के नर्मदापुरम रोड स्थित सहारा सिटी में 110 एकड़ जमीन खरीदे जाने की जानकारी मिली है। यह सौदा आयकर विभाग के निशाने पर है।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, लालू यादव कह रहे हैं अमित शाह को राजनीति छोड़ देना चाहिए।
चुहिया- हां जी, राजनीति में सच-झूठ सब तो जायज होता है...!

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला नहीं रहे

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अनुभवी इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाले चौटाला का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। राज्य की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति, चौटाला ने कई अवसरों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें आईएनएलडी में उनके नेतृत्व और राज्य की राजनीतिक दिशा को आकार देने में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता था। उनकी मृत्यु हरियाणा के राजनीतिक इतिहास में एक युग के अंत का प्रतीक है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने हरियाणा के विकास में चौटाला के योगदान को याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की है। उनका परिवार और समर्थक शोक में हैं क्योंकि वे उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं।

चौटाला परिवार के कई सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं, हालांकि सभी सदस्य इनेलो और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के बीच विभाजित हैं। ओम प्रकाश चौटाला के बड़े बेटे अजय, भिवानी के पूर्व सांसद और तीन बार के विधायक (दो बार राजस्थान और एक बार हरियाणा) को जेबीटी शिक्षक भर्ती मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में उनके पिता के साथ दोषी ठहराया गया था। इनेलो ने पिछली बार 2005 में हरियाणा पर शासन किया था, लेकिन इस बरस कांग्रेस ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। जिसके बाद भूपिंदर सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बने थे। भाजपा के मनोहर लाल खट्टर 2014 के चुनावों में नए सीएम के रूप में हरियाणा की कमान संभाली।

पंजाब की 47 बोतल विदेशी शराब एवं दोपहिया वाहन सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 20 दिसम्बर। आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता तथा कलेक्टर जिला रायपुर, डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

शराब तस्करी की सूचना पर 18 दिसम्बर 2024 को लोहार चौक वार्ड नम्बर 64 थाना पुरानीबस्ती जिला रायपुर में छापामार कार्यवाही कर सतीश कौशल पिता शिवनारायण कौशल के आधिपत्य से 8 बोतल विदेशी मदिरा रॉयल स्टैग एवं लायन्स व्हिस्की (पंजाब राज्य में विक्रय हेतु) कुल 6.0 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 6800 है. जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के कायम प्रकरण में आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया तथा उक्त मदिरा परिवहन में प्रयुक्त दो पहिया वाहन, जिसका बाजार मूल्य 45000 को भी कब्जे आबकारी लिया गया। इसी क्रम में 19 दिसम्बर 2024 को दीपक खण्डेलवाल पिता लक्ष्मीनारायण खण्डेलवाल उम्र 50 वर्ष साकिन रामसागर पारा वार्ड 37 थाना मौदहापारा जिला रायपुर के आधिपत्य मकान से 39 बोतल विदेशी मदिरा रॉयल स्टैग एवं लायन्स व्हिस्की (पंजाब राज्य में विक्रय हेतु) कुल 29.25 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 37800 है. जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के कायम प्रकरण में आरोपी को मौके पर आशीष सिंह के द्वारा गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाहियों में सहायक जिला आबकारी अधिकारीगण राजेन्द्रनाथ तिवारी, डी.डी. पटेल, आशीष सिंह, वैभव मिसल, रविशंकर पैकरा, सुश्री जेबा खान तथा आबकारी उप निरीक्षकगण प्रकाश देशमुख एवं कौशल किशोर सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अवैध शराब विक्रय एवं तस्करी तथा अन्य आबकारी अपराधों पर नियंत्रण हेतु रायपुर जिले के आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

5 राज्यों में भयंकर तूफान का अलर्ट, 45 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं,13 राज्यों में शीतलहर

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। देश भर में इन दिनों सर्दी ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कुछ हिस्सों में खराब मौसम का अलर्ट जारी किया है। जहां दक्षिण भारत के 5 राज्यों में भयंकर तूफान और तेज बारिश की संभावना है, वहीं उत्तर और पूर्वोत्तर के 13 राज्यों में शीतलहर और घने कोहरे का प्रकोप जारी रहेगा।

राजधानी दिल्ली इन दिनों हिमाचल प्रदेश के शिमला जितनी ठंडी हो गई है। दिल्ली और शिमला दोनों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। राजस्थान के करौली में तापमान गिरकर 1.3 डिग्री पर पहुंच गया है, जबकि मध्य प्रदेश के 12 शहरों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री से भी नीचे है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कई हिस्सों में पारा माइनस में चला गया है। श्रीनगर में -6एष्ट्र, कारगिल में -13.5ए सी.ए, और लेह में -11.2ए सी तापमान दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक लो प्रेशर सिस्टम बना हुआ है, जो अगले 24 घंटों में उत्तर तमिलनाडु और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों की ओर बढ़ सकता है। 27 दिसंबर के आसपास एक ताजा और सक्रिय पश्चिमी

जयपुर में हुआ भीषण हादसा, सीएनजी ट्रक में ब्लास्ट के कारण 6 लोगों की मौत, 46 आए चपेट में

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। राजस्थान के जयपुर में एक भीषण ट्रक हादसा हो गया है। शुक्रवार की सुबह एक खौफनाक खबर के साथ हुई है। जयपुर में एक सड़क हादसे में एक सीएनजी ट्रक में आग लग गई। जयपुर में अजमेर रोड के पास सीएनजी ट्रक और एक ट्रक की टक्कर हो गई। इसके बाद धमाका हुआ, जिससे आग लग गई। इस हादसे में छह लोग जिंदा जल कर मर गए है। इस हादसे में 40 लोग झुलस गए है। ये हादसा इतना भीषण था कि इसमें 40 गाड़ियां भी जलकर खाक हो गई। इन सभी गाड़ियों में कई लोग बैठे थे, जिन्होंने भाग कर अपने जान बचाई है। जानकारी के मुताबिक हादसा जयपुर के भांकरोटा इलाके में सुबह 5.00 बजे हुआ। इस हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस, दमकल। विभाग की टीम तत्काल घटनास्थान पहुंची। इस आग को बुझाने में दमकल विभाग की कई गाड़ियां घंटे तक जूझती रही। इस हादसे में छह लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

दुर्घटना स्थल से दूर से लिए गए वीडियो में आग लगने वाले वाहनों से उठते घने धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। पीटीआई ने भांकरोटा स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) मनीष गुप्ता के हवाले से बताया, आग ने कई ट्रकों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में शामिल ट्रकों की संख्या स्पष्ट नहीं है। कुछ लोग झुलस गए हैं, जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना के कारण राजमार्ग का करीब 300 मीटर हिस्सा प्रभावित हुआ, जिससे यातायात बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस बीच, घायलों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाने के लिए यातायात गलियारा खोला गया।

राज्यसभा में भी एक देश एक चुनाव के लिए जेपीसी गठित सुरजेवाला और संजय सिंह समेत 12 नाम शामिल

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। बारह राज्यसभा सदस्यों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में नियुक्त किया गया है, जिन्हें 9एए राष्ट्र, एक चुनाव% पहल पर विचार-विमर्श करने का काम सौंपा गया है। इस सूची में घनश्याम तिवारी, भुवनेश्वर कलिता, के. लक्ष्मण, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक, साकेत गोखले, पी. विल्सन, संजय सिंह, मानस रंजन मंगराज और वी विजयसाई जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा का मामला आपराधिक कानून के प्रावधानों का खुला दुरुपयोग है। उन्होंने एएनआई से कहा कि बुनियादी बात यह है कि जिन लोगों ने जाने-अनजाने में भारतीय संविधान के संस्थापक डॉ. बाबासेह भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। सरकार ने एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वाले दो विधेयकों का परीक्षण करने संबंधी संयुक्त समिति में सदस्यों की संख्या 31 से 39 करने का प्रस्ताव दिया है। इससे समिति में अधिक दलों का प्रतिनिधित्व हो पाएगा। सरकार द्वारा प्रस्तावित लोकसभा सांसदों की सूची में अब शिवसेना (यूबीटी), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के एक-एक सदस्य के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो और समाजवादी पार्टी का एक और सदस्य शामिल है। सदन की कार्यसूची में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की ओर से दोनों विधेयकों को एक संयुक्त समिति के पास भेजने का प्रस्ताव है। समिति में लोकसभा के 27 और राज्यसभा के 12 सदस्य शामिल होंगे। समिति में प्रस्तावित नए लोकसभा सदस्यों में भाजपा के बैजयंत पांडा और संजय जायसवाल, सपा के छोटेलाल, शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई, लोजपा की शांभवी और माकपा से के. राधाकृष्णन के नाम शामिल हैं। समिति दो विधेयकों का परीक्षण करेगी जिनमें ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' विधेयक और एक संविधान संशोधन विधेयक शामिल है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पी. पी. चौधरी के अलावा भाजपा के भर्तृहरि महताब और कांग्रेस की प्रियंका गांधी भी समिति के लिए प्रस्तावित लोकसभा सदस्यों में शामिल हैं।